# टैक्स, बैंकिंग और खर्च में बड़े बदलाव

## 1 अप्रैल से बदल गए कई जरूरी नियम,आम लोगों पर होगा असर

**नई दिल्ली, 1 अप्रैल. 1 अप्रैल 2026 से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ आम लोगों की आर्थिक जिंदगी में कई अहम बदलाव लागू हो गए हैं. नए आयकर कानून से लेकर जीएसटी, बैंकिंग, डिजिटल पेमेंट, एलपीजी कीमतों और रेलवे नियमों तक, कई फैसलों का सीधा असर जेब पर पड़ेगा.**



सरकार ने टैक्स सिस्टम को सरल बनाने, पारदर्शिता बढ़ाने और डिजिटल लेनदेन को सुरक्षित करने पर जोर दिया है. जहां कुछ फैसले राहत देने वाले हैं, वहीं बढ़ती महंगाई और ईंधन कीमतों में इजाफा लोगों की चिंता बढ़ा सकता है. नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ देश में आर्थिक और वित्तीय नियमों में व्यापक बदलाव लागू हो गए हैं, जिनका असर हर वर्ग के लोगों पर पड़ेगा. सबसे बड़ा बदलाव नए आयकर अधिनियम 2025 के रूप में सामने आया है, जिसने दशकों पुराने कानून की जगह ली है. इसके तहत अब 'टैक्स ईयर' की अवधारणा लागू कर दी गई है और 12 लाख रुपये तक की आय को करमुक्त कर आम करदाताओं को राहत दी गई है. साथ ही, टैक्स फाइलिंग प्रक्रिया को सरल बनाया गया है. आईटीआर दाखिल करने की समय सीमा में भी बदलाव किया गया है, जिससे अलग-अलग श्रेणी के करदाताओं को थोड़ी अधिक स्पष्टता मिलेगी. गिफ्ट और वाउचर पर टैक्स छूट बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दी गई है, वहीं बच्चों के शिक्षा और हॉस्टल भत्ते में वृद्धि से परिवारों को फायदा होगा.

> कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में लगभग 200 रुपये की बढ़ोतरी से होटल और रेस्टोरेंट में खाने-पीने की चीजें महंगी हो सकती हैं. प्रीमियम पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी इजाफा हुआ है, हालांकि सामान्य ईंधन दरें स्थिर रखी गई हैं. वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए पैन और आधार से जुड़े नियम सख्त किए गए हैं. बड़े लेनदेन और क्रेडिट कार्ड खर्च की जानकारी अब आयकर विभाग को दी जाएगी. एचआरए छूट के लिए भी सख्त दस्तावेजी शर्तें लागू की गई हैं. डिजिटल पेमेंट को सुरक्षित बनाने के लिए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य कर दिया गया है, जबकि एटीएम से यूपीआई निकासी भी अब फ्री ट्रांजेक्शन लिमिट में शामिल होगी.

## चावल, गेहूं, चीनी के भाव गिरे, खाद्य तेलों, दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, 01 अप्रैल.** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमत गिर गयी. चावल के साथ गेहूं और चीनी में भी नरमी देखी गयी जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा. औसत दर्जे के चावल का औसत भाव तीन रुपये घटकर 3,865 रुपये प्रति क्विंटल रह गया. गेहूं 23 रुपये सस्ता हुआ और 2,790 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया. आटे की कीमत भी 24 रुपये टूट गयी. दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा. मूंग दाल औसतन 28 रुपये और उड़द दाल 26 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई. वहीं, मसूर दाल का भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया. तुअर दाल की कीमत सात रुपये और चना दाल की चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी.

# जीएसटी कलेक्शन 2 लाख करोड़ पार

**सालाना आधार पर 8.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई**

**भारतीय अर्थव्यवस्था में खपत और टैक्स अनुपालन मजबूत बना हुआ है**

**नई दिल्ली, 1 अप्रैल. मार्च 2026 में जीएसटी कलेक्शन ने मजबूत उछाल दिखाते हुए 2 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. सालाना आधार पर इसमें 8.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो देश की मजबूत आर्थिक गतिविधियों और बढ़ते आयात का संकेत है.**



सरकार के मुताबिक, खासकर आयात से मिलने वाले जीएसटी में तेज बढ़ोतरी ने कुल संग्रह को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है. यह आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में खपत और टैक्स अनुपालन मजबूत बना हुआ है. 1 अप्रैल 2026 देश की आर्थिक मजबूती का संकेत देते हुए मार्च 2026 में सकल जीएसटी संग्रह 2 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है. सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान कुल जीएसटी कलेक्शन 2,00,064 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के 1,83,845 करोड़ रुपये के मुकाबले 8.8 प्रतिशत अधिक है.

इस वृद्धि में आयात से मिलने वाले जीएसटी का बड़ा योगदान रहा, जिसमें सालाना आधार पर 17.8 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई. वहीं, घरेलू लेनदेन से मिलने वाले जीएसटी में 5.9 प्रतिशत का इजाफा हुआ, जो स्थिर खपत को दर्शाता है.

> पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के आंकड़े भी उत्साहजनक रहे हैं. इस दौरान सकल जीएसटी संग्रह 22.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष के 20.55 लाख करोड़ रुपये से 8.3 प्रतिशत ज्यादा है. वहीं, शुद्ध जीएसटी संग्रह 19.34 लाख करोड़ रुपये रहा, जिसमें 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई. हालांकि, इस दौरान उपकर (सेस) संग्रह में गिरावट देखने को मिली और यह नकारात्मक स्तर (-177 करोड़ रुपये) पर पहुंच गया, जिसका कारण अधिक रिफंड और समायोजन बताया गया है.

# वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर दिल्ली में 195 रुपये महंगा

**नई दिल्ली, 01 अप्रैल. पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति संबंधी बाधाओं के बीच तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी-भरकम बढ़ोतरी की घोषणा की है.**

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पहली अप्रैल से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 2,078.50 रुपये का मिलेगा. इसकी कीमत गत 07 मार्च को बढ़ाकर 1,883 रुपये की गयी थी. इस प्रकार अब यह 195.50 रुपये यानी 10.38 प्रतिशत महंगा हो गया है. जनवरी से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में यह पांचवीं बढ़ोतरी है.

इस दौरान दिल्ली में यह 498 रुपये महंगा हो चुका है. घरेलू इस्तेमाल वाले 14 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है. इसमें 07 मार्च को 60 रुपये की वृद्धि की गयी थी और फिलहाल दिल्ली में इसकी कीमत 913 रुपये प्रति सिलेंडर है. कोलकाता में पहली अप्रैल से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 218 रुपये महंगा होकर 2,208 रुपये का और मुंबई में 196 रुपये की बढ़ोतरी के साथ 2,031 रुपये का हो गया है.

चेन्नई में इसकी कीमत 203 रुपये (9.93 प्रतिशत) बढ़कर अब 2,246.50 रुपये प्रति सिलेंडर पर पहुंच गयी है.

## मुंबई एयरपोर्ट पर देश की पहली इन-टर्मिनल क्विक कॉमर्स सेवा

**मुंबई, 01 अप्रैल.** मुंबई हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 पर देश की पहली इन-टर्मिनल क्विक कॉमर्स डिलीवरी सेवा शुरू की गयी है. पहली बार किसी टर्मिनल के भीतर इस तरह की सेवा शुरू की गयी है. इससे यात्रियों के लिए बोर्डिंग गेट, लाउंज, फूड कोर्ट और पार्टनर आउटलेट्स सहित टर्मिनल के भीतर कहीं भी अपना ऑर्डर मंगाना आसान हो गया है. बताया गया है कि डिलीवरी का काम प्रशिक्षित ऑन-ग्राउंड कर्मचारियों द्वारा कुछ ही मिनटों में पूरा किया जाता है, जिससे यात्रियों को एक सुरक्षित और सहज अनुभव मिलता है. इस सेवा के लिए अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट के साथ करार किया है.


# युद्ध विराम की उम्मीद से शेयर बाजार में तेजी

**1,900 अंक चढ़ा संसेक्स**

**567 अंक की बढ़त पर रहा निफ्टी**

**मुंबई, 01 अप्रैल. ईरान युद्ध जल्द समाप्त होने की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को शुरुआती कारोबार में जबरदस्त तेजी देखी गयी और बीएसई के सेंसेक्स 1,900 अंक से ज्यादा उछल गया.**


सेंसेक्स 1,814.88 अंक की बढ़त के साथ 73,762.43 अंक पर खुला और कुछ ही देर में पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में करीब 1,969 अंक ऊपर 73,916 अंक पर पहुंच गया. खबर लिखे जाते समय यह 1,648.46 अंक (2.29 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 73,596.01 अंक पर था. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड बुधवार रात (भारतीय समय के अनुसार गुरुवार सुबह) राष्ट्र को संबोधित करने वाले हैं. उनके हालिया बयानों से निवेशकों को उम्मीद है कि वह ईरान युद्ध जल्द समाप्त करने की घोषणा कर सकते हैं. इससे वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में तेजी लौट आयी है.



> नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 567.60 अंक चढ़कर 22,899 अंक पर खुला. खबर लिखे जाते समय यह 505.35 अंक यानी 2.26 प्रतिशत की बढ़त में 22,836.75 अंक पर था. सभी सेक्टरों में लिवाली का जोर है. आईटी, बैंकिंग, ऑटो, वित्त, धातु, मीडिया, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांक तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी में हैं. सेंसेक्स की भी सभी कंपनियां इस समय हरे निशान में हैं. सबसे ज्यादा मजबूती ट्रेंट, बीईएल, अडानी पोर्ट्स, इंडिगो, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, टीसीएस, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और मारुति सुजुकी के शेयरों देखी जा रही है.

# अमेरिका-ईरान नरमी से तेल कीमतों में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली, 01 मार्च. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बुधवार को तेज गिरावट दर्ज की गई, जिससे वैश्विक निवेशकों और आयातक देशों को राहत मिली है. तेल के दामों में यह नरमी अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव में संभावित कमी के संकेतों के बाद आई है.**



ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स, जो दिन की शुरुआत में 105.86 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था, वह इंट्राडे में गिरकर 102.79 डॉलर तक आ गया. इसी तरह, यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड भी अपने उच्च स्तर से फिसलकर करीब 101 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार करता नजर आया. इस गिरावट का मुख्य कारण बाजार की बदलती धारणा है, जिसमें निवेशकों को उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच टकराव जल्द कम हो सकता है. इससे तेल सप्लाई को लेकर बनी चिंता भी कुछ हद तक कम हुई है, जिसने कीमतों पर दबाव बनाया. वैश्विक कच्चा तेल बाजार में बुधवार को उतार-चढ़ाव के बाद अंततः गिरावट देखने को मिली. दिन की शुरुआत में जहां कीमतों में तेजी थी, वहीं बाद में बाजार का रुख बदल गया और दाम नीचे आ गए. इस बदलाव के पीछे अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने की संभावनाएं प्रमुख वजह रहीं. ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स, जो सुबह के कारोबार में 1.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105.86 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था, बाद में करीब 2.9 प्रतिशत गिरकर 102.79 डॉलर तक आ गया.

# जेट फ्यूल महंगा, फिर भी नहीं बढ़ेंगे हवाई किराए

**नई दिल्ली, 1 अप्रैल. जेट फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद सरकार ने घरेलू हवाई यात्रियों को राहत दी है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से एटीएफ महंगा हुआ है, लेकिन सरकार ने एयरलाइंस पर पूरा बोझ नहीं डालने का फैसला किया है.**



इससे घरेलू उड़ानों के किराए फिलहाल नहीं बढ़ेंगे. इस कदम का उद्देश्य यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव को कम करना और विमानन क्षेत्र को स्थिर बनाए रखना है. जेट फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद सरकार ने घरेलू हवाई यात्रियों को बड़ी राहत दी है. पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते एटीएफ की कीमतों में भारी उछाल की आशंका थी, लेकिन सरकार ने हस्तक्षेप करते हुए इस बढ़ोतरी को सीमित कर दिया है. सरकार के फैसले के तहत अब घरेलू एयरलाइंस को पूरी कीमत वृद्धि का बोझ नहीं उठाना होगा. उन्हें केवल करीब 25 प्रतिशत बढ़ोतरी, यानी लगभग 15 रुपये प्रति लीटर का अतिरिक्त भार वहन करना पड़ेगा.

इससे एयरलाइंस पर लागत का दबाव तो बढ़ेगा, लेकिन यात्रियों पर किराया बढ़ाने का असर फिलहाल नहीं पड़ेगा. वहीं, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के मामले में एयरलाइंस को पूरी कीमत वृद्धि का सामना करना होगा, क्योंकि वहां किराए सीधे वैश्विक बाजार से जुड़े होते हैं.

**विमान ईंधन की कीमत में 100 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि**

> पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति संबंधी बाधाओं के कारण तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से विमान ईंधन के दाम में 100 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी कर दी है. देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज 01 अप्रैल से दिल्ली में विमान ईंधन 2,07,341 रुपये प्रति किलोलीटर का हो गया है. मार्च में इसकी कीमत 96,638 रुपये थी.

## प्रीमियम डीजल 1.50 रुपये महंगा

**नई दिल्ली, 01 अप्रैल.** पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेज उछाल को देखते हुए देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने बुधवार को अपने प्रीमियम डीजल की कीमत में 1.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी. दिल्ली में इंडियन ऑयल का प्रीमियम डीजल एक्सजी आज से 92.99 रुपये प्रति लीटर का मिल रहा है. इससे पहले इसकी कीमत 91.49 रुपये प्रति लीटर थी. इस प्रकार इसमें डेढ़ रुपये की बढ़ोतरी की गयी है. इससे पहले इंडियन ऑयल ने 20 मार्च को अपने प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी95 के दाम में दो रुपये की वृद्धि की थी. उसके बाद, दिल्ली में एक्सपी95 101.89 रुपये प्रति लीटर का बिक रहा है. राष्ट्रीय राजधानी में आज गैर-ब्रांडेड पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और गैर-ब्रांडेड डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही.

# सोने-चांदी की कीमतों में आई तेजी

**1.50 लाख पार हुआ सोना**

**2.39 लाख पर पहुंची चांदी**

**नई दिल्ली, 01 अप्रैल. अप्रैल 2026 को सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला है. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 24 कैरेट सोना**



**2,836 रुपए महंगा होकर 10 ग्राम के लिए 1.50 लाख रुपए तक पहुंच गया है.**

इससे पहले यह 1.47 लाख रुपए पर कारोबार कर रहा था. वहीं चांदी की कीमत में भी जबरदस्त तेजी दर्ज की गई है. एक किलो चांदी 9,348 रुपए बढ़कर 2.39 लाख रुपए प्रति किलो हो गई है. यह उछाल ऐसे समय में आया है जब साल 2026 में अब तक सोना और चांदी दोनों ने निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है.

हालांकि, पिछले कुछ हफ्तों में अंतरराष्ट्रीय घटनाओं के चलते कीमतों में उतार-चढ़ाव भी देखने को मिला है. बावजूद इसके, बाजार में फिर से तेजी लौटने के संकेत मिल रहे हैं, जिससे निवेशकों और खरीदारों दोनों की नजरें अब बुलियन मार्केट पर टिकी हुई हैं.

# बिहार में नीतीश राज खत्म!

**पटना. बिहार की सियासत में सोमवार का सूरज एक बड़े बदलाव की आहट लेकर आया. दशकों तक बिहार की राजनीति के धुरी रहे नीतीश कुमार अब पटना से दिल्ली की ओर रुख कर रहे हैं. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को विधान परिषद की सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंप दिया है.**



दरअसल, वे 16 मार्च को ही राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए थे और 10 अप्रैल से उनका कार्यकाल शुरू होने वाला है. जैसे ही नीतीश ने इस्तीफा दिया, पूरे सूबे में एक ही चर्चा आम हो गई है- अब बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? यह सवाल केवल राजनीतिक गलियारों तक सीमित नहीं है, बल्कि बिहार का हर नागरिक अब अपने भविष्य और नई सरकार की नीतियों को लेकर उत्सुक है. बिहार में इस बार पहली बार भाजपा का अपना मुख्यमंत्री बनने की प्रबल संभावना जताई जा रही है. इस रेस में सबसे पहला और मजबूत नाम सम्राट चौधरी का उभरकर सामने आ रहा है. वर्तमान में बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता सम्राट चौधरी कुशवाहा समाज के एक बड़े चेहरे माने जाते हैं.

विशेषज्ञों का मानना है कि उन्हें सीएम बनाकर भाजपा एक बड़ा 'जाति कार्ड' खेल सकती है. चूंकि बिहार में यादव और कुर्मी समुदाय से मुख्यमंत्री रह चुके हैं, ऐसे में 4.27 प्रतिशत से अधिक आबादी वाले कुशवाहा समुदाय को साधने के लिए सम्राट चौधरी सबसे उपयुक्त चेहरा हो सकते हैं.


**न्यायालय तहसीलदार,वृत्त-3 तहसील-हुजूर, जिला भोपाल**

प्रकरण कमांक-7633 /अ-6/25-26

मौजा-बरखेड़ा नाथू, तहसील हुजूर, भोपाल

**उद्घोषणा-पत्र**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेंद्र ठाकरे आत्मज श्री डी.एल. ठाकरे निवासी ए टाईप एफ सेक्टर 136 बी एच ई एल भोपाल, म.प्र. ने द्वारा म.प्र. भू.रा संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज ग्रंथ क्रमांक 13272 दिनांक 10.02.1998 के आधार पर भूमि खसरा क्रमांक 558/2/2 कुल रकबा में से 1000 वर्गफिट भूमि ग्राम बरखेड़ा नाथू प.ह.नं. 49, तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया गया है.

2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 15/04/2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है. समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 01/04/26 को जारी किया गया.

(सील) तहसीलदार
तहसील-हुजूर,भोपाल
दिनांक 01.04.2026

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **खल्लू** पुत्र आकाश सोलंकी निवासी ग्राम बिलखेड़ी, थाना धनवाड़ा, जिला गुना, मध्य प्रदेश ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 18/2024 धारा 457/380/34 भा.दं.सं. थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **खल्लू** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **खल्लू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा **धारा 82 Cr.P.C.** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 18/2024 धारा 457/380/34 भा.दं.सं. थाना निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **खल्लू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **30.05.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री कोमल गर्ग,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (पश्चिम),**
**कमरा संख्या- 282,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/4218/OD/2026

**पश्चिम मध्य रेल**

सं. भोपाल/टीआरडीं/ड्राइंग/डब्ल्यूसी./464R,474 & 477
दिनांक 30.03.2026, खुली ई-निविदा सूचना

वरि मंडल विद्युत इंजी./टीआरडी/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक व समय को ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, इस टेन्डर के लिये कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नही है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है **निविदा क्र.** : बीपीएल/टीआरडी/डीआरजी/डब्ल्यू सी/464आर, **कार्य का विवरण** : रिपलेसमेंट ऑफ एक्जिस्टिंग ऑवर ऐज्ड पोर्सलेन इंसूलेटर ऑवर भोपाल डिविजन।, **कार्य समाप्त करने की अवधि** : 24 माह, **अनुमानित लागत रु. में** : 8,58,65,007.56, **ईएमडी रू. में** : 1717300.00, **जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय** : 22/04/2026 को 11.00 बजे तक, **निविदा क्र.** : बीपीएल /टीआरडी /डीआरजी /डब्ल्यू सी/474, **कार्य का विवरण** : एप्लीकेशन ऑफ कंपोजिट हाई वोल्टेज इन्सुलेटेड कोटिंग अंडर गर्डर ब्रिज इन इलेक्ट्रीफाइड सेक्शन ऑफ भोपाल डिवीजन ।, **कार्य समाप्त करने की अवधि** : 12 माह, **अनुमानित लागत रु. में** : 3,68,81,212.50, **ईएमडी रू. में** : 737600.00, **जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय** : 27/04/2026 को 11.00 बजे तक, **निविदा क्र.** : बीपीएल /टीआरडी /डीआरजी /डब्ल्यू सी /477, **कार्य का विवरण** : भोपाल डिवीजन ओएचई वर्क फॉर एसएचआरएन (संत हिरदाराम नगर) यार्ड मॉडिफिकेशन वर्क (फेज I) एंड प्रोविसीन ऑफ 25 केवीए एटी फॉर एसएचआरएन (संत हिरदाराम नगर) टर्नआउट (इलेक्ट्रिकल टीआरडी वर्क), **कार्य समाप्त करने की अवधि** : 06 माह, **अनुमानित लागत रु. में** : 1,29,44,936.06, **ईएमडी रू. में** : 2,58,900.00, **जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय** : 20/04/2026 को 11.00 बजे तक।

कृते वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर टीआरडी, पश्चिम मध्य रेल,भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**ई-नीलामी सूचना**

**ऋण वसूली अधिकरण**

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (**BSNL** बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास,
साउथ सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.) 482001

**Case No. RC 727/2019/ ओ.ए. नं. 1286/2018**

**ई-नीलामी क्रमांक 64/2026**

**UNION BANK OF INDIA वि. BALVANT SINGH एवं अन्य** में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No. RC 727/2019 / O.A. No. 1286/2018** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs.17,95,734.74 (Rupees Seventeen Lakh Ninety-Five Lakh Seven Hundred Thirty-Four and Seventy-Four Paise only)** तथा उस पर 11.00 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से **16-10-2018** से ब्याज एवं की वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑन लाईन ई-नीलामी प्रक्रिया तहत वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** के माध्यम से की जायेगी।

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 06-05-2026 दोपहर 12.00 बजे से 1.00**

**संपत्ति की अनुसूची**

**i) Agriculture Land bearing Survey/Khasra No.-89/2 area 0.042 hectare; Khasra No.-140/1 area 0.094 hectare; Khasra No.-216/1, area 0.383 hectares; Khasra No.-233/2 area 0.470 hectare; Khasra No.-234/2 area 0.303 hectare; Khasra No.-235/2/gha area 0.063 hectare, Khasra No.-326/1 area 0.690 hectare; Khasra No.-327 area 1.818 hectare; total area 3.863 hectares situated in Village-Bamori, Halka-Karaiya, RI-Kurwai, R.N.M. Bamhori, Tehsil-Khurwai, District-Vidisha (M.P.); belonging to Late Madho Singh.**

**ii) Agriculture Land bearing Khasra No.-67/1 area 0.084 hectare; Khasra No.-88/1 area 0.073 hectare; Khasra No.-312 area 1.756 hectare; Khasra No.-316/2 area 0.627 hectare; and Khasra No.-316/3/1 area 1.447 hectare; total area 3.987 hectares; situated in Village-Bamori, Halka-Karaiya, RI-Kurwai, R.N.M. Bamhori, Tehsil-Khurwai, District- Vidisha (M.P.) belonging to Shri Balwant Singh.**

प्रारक्षित मूल्य : **Rs. 31,40,000.00 (Rupees Thirty-One Lakh Forty Thousand only)**

**विक्रय की शर्ते**

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिये । अधिक विवरण हेतु **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. : 7080804466, E-mail ID: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
2. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें।
3. बिड केवल ऑन-लाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में पहचान पत्र की प्रति साथ में संलग्न कर जमा करनी होगी। (विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें)।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10% राशि जो रुपये **Rs. 3,14,000.00 (Rupees Three Lakh Fourteen Thousand only)** है, RTGS/NEFT/Money Transfer द्वारा **वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकारी जबलपुर के नाम से धारित Account no. 7890303849** in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur with **INDIAN BANK, CIVIL LINES BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code:IDIB000C627)** में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑन लाईन माध्यम से दिनांक **04-05-2026** अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्न कों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा षीघ्र अति षीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑन लाईन नीलामी बोली, प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड की वृद्धि राशि न्यूनतम **रुपए Rs. 40,000.00 (Rupees Forty Thousand only).** रुपये होगी। ऑन लाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता जायेगा।
8. असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् वे जब तक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापिस नहीं ले सकते, अन्यथा राशि जब्त कर ली जावेगी।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/Money Transfer के द्वारा कंडिका 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रु. 10 (प्रति संपत्ति अलग-अलग) सहित नीलामी के 15 दिन के अंदर या यदि 15 वा. दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15वे दिन के पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्र. 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. **संपत्ति ''जहाँ है, जैसी है तथा बिना किसी शिकायत'' के आधार** पर विक्रय की जावेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **22-04-2026** को **प्रातः 12 बजे से** 16 बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जावेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने/स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Shri Tarun Tomar, Branch Head Mob. No. 99932 82538** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. : 7080804466, E-mail ID: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Shri Tarun Tomar, Branch Head Mob. No. 99932 82538** से प्राप्त किया जा सकता है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टिविटी स्वयं सुनिश्चित करनी होगी। डी.आर.टी./बैंक/सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विच्छेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**स्थान : जबलपुर,**
**दिनांक : 13.03.2026**

**(सुश्री प्रीती देसाई)**
**वसूली अधिकारी-1**